आज़ादी का अमृत महोत्सव

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर



# नगर की खबर

नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश



@nagarvikasup/ @SBMUrbanUp

अंक : नवम्बर 2022

# निदेशक की कलम से...



**श्रीमती नेहा शर्मा**

निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ.प्र.

नगर विकास विभाग का सदैव यह प्रयास है कि आमजन के जीवन स्तर उन्नयन और नगरीय जीवन से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति में हम निरंतर प्रयासरत रहें। नगरों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में अनेकानेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिनके परिणाम भी संतोषजनक मिल रहे हैं।

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी एवं माननीय मंत्री श्री नगर विकास एवं ऊर्जा श्री ए0 के0 शर्मा जी के मार्गदर्शन में प्रदेश स्वच्छ एवं समृद्ध प्रदेश बनने की दिशा में अग्रसर है।

स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लखनउ विश्वविद्यालय में पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया और छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। सफाई मित्रों को समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित करने के उद्देश्य को चरितार्थ करने के लिए सफाई मित्र सम्मान समारोह मनाया गया और त्योहारों को स्वच्छ एवं ज़ीरो वेस्ट की तर्ज पर आयेजित कर भविष्य के लिए नज़ीर पेश की गई।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में पेंटिंग प्रदर्शनी

नगर विकास विभाग उ.प्र. द्वारा कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग से पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां युवा कलाकारों ने अपनी पेंटिंग्स के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। छात्रों द्वारा तैयार किए गए चित्रों की प्रदर्शनी स्थानीय निकाय निदेशालय में भी लगाई गई। निदेशक स्थानीय निकाय श्रीमती नेहा शर्मा ने प्रतियोगिता में बनाई गई पेंटिंग्स का अवलोकन किया और छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने स्वच्छता, पर्यावरण और जल जैसे कई विषयों को लेकर अपने दृष्टिकोण एवं कलात्मकता का प्रदर्शन किया। भारतीय लोक कला, आधुनिक कला, समकालीन कला, मधुबनी आर्ट और मैसूर पेंटिंग जैसी कला शैलियों को दर्शाते हुए इन युवा कलाकारों ने कैनवास पर अपनी अभिव्यक्ति को उतारा। कलाकारों ने बेहद रचनात्मक तरीके से स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को प्रतिबिंबित करते हुए संदेश देने की कोशिश की। पेंटिंग प्रतियोगिता में कला एवं शिल्प महाविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुर्नवास विश्वविद्यालय, टेक्नो इंस्टीट्यूट और गोयल इंस्टीट्यूट समेत अन्य संस्थानों के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।



**स्वच्छता के रंग**
**छात्रों के संग**

# स्वच्छता स्ट्रेटेजिक वर्कशॉप लखनऊ

नगर विकास विभाग द्वारा एक दिवसीय स्ट्रेटजिक वर्कशॉप एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर विकास मंत्री श्री ए0 के0 शर्मा, मुख्य सचिव श्री दुर्गा शंकर मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन निदेशक श्रीमती रूपा मिश्रा, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) की मिशन निदेशक श्रीमती श्रीमती नेहा शर्मा, नगर विकास विभाग के मुख्य सचिव श्री अमृत अभिजात एवं इंदौर नगर निगम की आयुक्त श्रीमती प्रतिभा पाल समेत अन्य गणमान्य ने शिरकत की। वर्कशॉप में जीरो वेस्ट स्वच्छ त्योहार 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 11 नगरीय निकाय और पेंटिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले 23 युवा कलाकार पुरस्कृत किए गए। इसके साथ ही कूड़ा प्रबंधन, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, गीले एवं सूखे कचरे को अलग करने, सीवेज ट्रीटमेंट, प्रदूषण एवं शुद्ध जलापूर्ति तथा गंदे पानी के निस्तारण संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रदेश के शहरों को स्वच्छ, सुंदर एवं लोगों के जीवन के अनुकूल बनाने संबंधी विषयों पर भी मंथन हुआ।













## 11 नगरीय निकाय और 23 युवा कलाकार पुरस्कृत

माननीय मंत्री जी ने त्योहारों में स्वच्छता एवं व्यवस्था में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली तथा जीरो वेस्ट स्वच्छ त्योहार-2022 के लिए नगरीय निकायों को पुरस्कृत किया। इसके तहत, नगर निगम श्रेणी में गोरखपुर, लखनऊ, वाराणासी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सहारनपुर को सांत्वना पुरस्कार मिला। नगर पालिकाओं में मोदीनगर , कुशीनगर, गंगाघाट को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं महोबा को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। नगर पंचायतों में दयालबाग, गोवर्धन, प्रतापगढ़ सिटी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार मिला। लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में हिमेश बाबूलाल को प्रथम एवं पुरस्कार राशि 7500 रुपये , दिग्विजय वर्मा को द्वितीय एवं पुरस्कार राशि 5000 रुपये व नक्षत्र शर्मा को तृतीय एवं पुरस्कार राशि 3000 रुपये देकर सम्मानित किया गया। 20 अन्य युवाओं को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

# सफाई मित्र सुरक्षा सम्मान दिवस

प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए0के0 शर्मा के निर्देशानुसार 09 अक्टूबर, 2022 को महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के सफाई कर्मियों के सम्मान में एवं उनको प्रोत्साहित करने के लिए सभी नगरीय निकायों में सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान दिवस मनाया गया। यह कदम उठाने के पीछे एकमात्र उद्देश्य है - सफाई मित्रों को समाज की मुख्यधारा में सम्मिलित कर गौरवान्वित किया जाए। समाज के अभिन्न अंग और हमारे सम्मानित नागरिक है स्वच्छाग्रही, उनकी स्वच्छता व सफाई का कार्य समाज की सर्वश्रेष्ठ सेवा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में राज्य की 13 नगरीय निकायों को भारत सरकार से मिले सम्मान का श्रेय भी नगर विकास मंत्री श्री ए0के0 शर्मा ने प्रदेश के सफाई कर्मियों की मेहनत, लगन व ईमानदारी को ही दिया है। सफाई कार्यों में यथा आवश्यक मशीनों का भी उपयोग किया जा रहा है।





स्वच्छ त्यौहार 2022
एक और कदम स्वच्छता की ओर

# ज़ीरो वेस्ट इवेंट



स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) का मुख्य लक्ष्य है नगरों को कचरा मुक्त बनाना। इस लक्ष्य की प्राप्ति और वर्तमान की आवश्यकता के लिए यह ज़रूरी है कि सभी आयोजन 'ज़ीरो वेस्ट' सिद्धांत पर आयेजित किए जाएं। इसी को ध्यान में रखते हुए ज़ीरो वेस्ट छठ पूजा का आयेजन किया गया। इस तरह के आयोजनों में सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि सभी पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों/वस्तुओं का प्रयोग करें और अपशिष्ट निपटान सुविधाओं के उपयोग के माध्यम से, शून्य अपशिष्ट आयोजनों के वांछित लक्ष्य को प्राप्त करना आसान होगा। जल प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से अर्पण कलश की स्थापना भी नदी के अंदर ही कराई गई। सभी निकायों में पूजा घाटों में श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, कूड़ेदान एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट के पास ही मोबाइल टॉयलेट एवं पोर्टेबल टायलेट लगाये गए।


## नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश

Website : http//localbodies.up.nic.in

Toll Free No.: 1800 1800 101